दिन–बुधवार दिनांक– 17 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए मेक इन इंडिया की सफलता की सराहना की। रूसी सैनिकों के लिए हाजीपुर में बन रहे जुतों का किया उल्लेख।

02. प्रदेश की प्रमुख नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

03. विधानमंडल का मानसून सत्र बाईस जुलाई से होगा शुरू। सत्र के दौरान चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

04. और, आज मुहर्रम की दसवीं तारीख यानि यौम–ए–आशूरा है। इस अवसर पर कर्बला के शहीदों की याद में ताजिया जुलूस निकाले जा रहे हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में मेक इन इंडिया के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने की सराहना की है। पोस्ट में बताया गया है कि भारतीय साइकिलों की दुनियाभर में मांग बढ़ रही है। ब्रिटेन, जर्मनी और नीदरलैंड्स में निर्यात बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में वैशाली जिले के हाजीपुर में बने जूतों का भी उल्लेख किया है। इसका इस्तेमाल अब रूसी सेना कर रही है। उन्होंने कहा है कि जैसे–जैसे क्रिकेट विश्व कप नजदीक आया, कश्मीर में बने बल्ले की भारी मांग होने लगी। वहीं, अमरीकी बाजार में अमूल अपने उत्पाद उतारकर भारत के अनूठे स्वादों को दुनियाभर में पहुंचा रहा है। भारत की डिजिटल पेमेंट सिस्टम की तारीफ करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीआई प्रणाली अब वैश्विक बन गई है, जो कई देशों में निर्बाध डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाती है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मेक इन इंडिया से रोजगार के अवसर बढे हैं।

———बाईट———

मेक इन इंडिया का प्रभाव अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। इस कार्यक्रम में उत्पादन में बढ़ोतरी, निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और मजबूत विनिर्माण बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बल देकर देश की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी है। इससे देश में लाखों रोजगार के अवसर भी पैदा करने में मदद मिली है। इस कार्यक्रम के तहत, निर्माता, उत्पादों का स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इससे उन्हें कम लागत पर घरेलू जरूरतों के अनुसार उत्पादों के डिजाइन और निर्माण करने में मदद मिलती है। भूपेंद्र सिंह के साथ, सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर

गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से अंठावन सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से बारह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से छप्पन सेंटीमीटर ऊपर है।

———————————————————————

इधर, सुपौल जिले में कोसी नदी का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। नदी में भीमनगर कोसी बराज से आज दोपहर दो बजे तक एक लाख चौवन हजार चार सौ पन्द्रह क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

कोसी नदी में आज दोपहर दो बजे तक भीमनगर कोसी बराज से एक लाख 54 हजार 415 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बराज के पास जलस्तर फिलहाल स्थिर अवस्था में हैं। वहीं, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र के बराह से एक लाख एक हजार 750 क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया है। जिले के पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, मरौना, निर्मली और सरायगढ़–भपटियाही के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी अभी भी जमा है। इन इलाकों में जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क नाव की व्यवस्था की गई है। कटाव वाले स्थान की पहचान कर उन स्थानों पर राहत और बचाव कार्य किये जा रहे हैं। जल संसाधन विभाग के अभियंता कोसी नदी के तटबंधों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रवि शंकर चौधरी।

वहीं, भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में कोसी और गंगा नदी का पानी निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

———बाईट———

जिले के गोपालपुर, खरीक, कहलगांव, घोघा, सबौर और नाथनगर के दियारा वाले क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हैं। गंगा के जलस्तर के बढ़ने के कारण नवगछिया एसडीओ ने गोपालपुर प्रखंड के बांध और कटाव स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित जल संसाधन विभाग और बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल नवगछिया के अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिया। गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही कहलगांव प्रखंड के बीरबन्ना पंचायत और इसके आसपास के निचले क्षेत्रों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन राहत और बचाव कार्य कर रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

पूर्णियां जिले के कई नदियों के जलधारा में परिवर्तन और कटाव से बैसा, बायसी और अमौर प्रखंड के लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

जिले के बायसी अनुमंडल में महानंदा, कंकाई प्रमाण, बकरा समेत अन्य नदियों के जलधारा में हो रहे परिवर्तन और कटाव से बाईसा, बायसी और अमौर प्रखंड के लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। इन नदियों के किनारे बसे कई गांव के लोग अब भूमि विहीन हो चुके हैं। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से विस्थापितों के रहने की व्यवस्था की जा रही है। विस्थापितों का कहना है कि बांध बनने या अन्य कोई उपाय नहीं होने तक यह समस्या बनी रहेगी। बायसी अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया है कि अधिकारियों की ओर से सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और सभी को राहत और क्षतिपूर्ति राशि दी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

गोपालगंज में बाल्मीकि बराज से पानी कम छोड़े जाने के बाद गंडक नदी के जलस्तर में कमी आई है। हालांकि जिले के सदर प्रखंड के कुछ गांव अभी भी बाढ़ से प्रभावित है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले में गंडक नदी के जलस्तर में कमी हो रही है, लेकिन जिले के सदर प्रखंड के कुछ गांव अभी भी बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं। हालांकि वाल्मीकि बराज से पानी का डिस्चार्ज कम हो रहा है। रामनगर, जागीरी टोला, सेमराही, राजवाही में कई क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हैं, जिससे ग्रामीण मवेशियों के साथ बांध और ऊंचे स्थान पर शरण लिए हुए हैं। जिला प्रशासन की ओर से नाव की व्यवस्था की गई है, लेकिन कोई सामुहिक रसोई शुरू नहीं की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश कुमार तिवारी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य भाग और राज्य के शेष हिस्सों में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। गया के धनरूआ में तीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य के उत्तर–पूर्व के जिले सुपौल, अररिया, किशनगंज और बांका, जमुई, कटिहार समेत दक्षिण क्षेत्र के आस–पास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ वज्रपात की सम्भावना है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा। सत्र छब्बीस जुलाई तक चलेगा। इस दौरान दोनों सदनों में पांच–पांच बैठक होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल की ओर से स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति को सदन के पटल पर रखने के साथ ही दो हजार चौबीस–पच्चीस का पहला अनुपूरक बजट सरकार पेश करेगी। तेईस और चौबीस जुलाई को राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। तेईस जुलाई को ही विधान परिषद में गैर सरकारी संकल्प पेश होंगे और चौबीस और पच्चीस जुलाई को राजकीय विधेयक सदन में लाए जाएंगे। इसके साथ ही पच्चीस जुलाई को विधानसभा में प्रथम अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद और मतदान होगा। सत्र के आखिरी दिन छब्बीस जुलाई को सदन में गैर सरकारी संकल्प पेश किए जाएंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

इंडी गठबंधन की ओर से बीस जुलाई को प्रतिरोध मार्च निकाला जायेगा। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य में बढ़ते अपराध के विरोध में सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

–––बाईट–––

---

बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने कहा है कि उन्नीस जुलाई से शुरू हो रही शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण को लेकर पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जायेगा।

---बाईट---

गौरतलब है कि तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन उन्नीस जुलाई से बाईस जुलाई तक होगा। यह परीक्षा सत्ताईस जिलों में चार सौ चार केन्द्रों पर आयोजित होगी, जिसमें छह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना की कार्य प्रगति का जायजा लिया। श्री कुमार ने राजेन्द्र नगर, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी, जीरो माईल और आईएसबीटी, निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। श्री कुमार ने बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाले सुरंग के निर्माणाधीन कार्य का भी निरीक्षण किया।

---

आज मुहर्रम की दसवीं तारीख यानि यौम–ए–आशूरा है। यह दिवस पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। प्रदेश में इस अवसर पर ताजिया और मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं। साथ ही धार्मिक बैठकें और मजलिसें भी आयोजित की जा रही हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों से मुहर्रम को पारंपरिक सदभाव के साथ मनाने की अपील की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि मुहर्रम हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए जीवन के उच्च आदर्शों और मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्बला के शहीदों और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को नमन करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

---

पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत सहरसा–सुपौल और सहरसा–दौरम मधेपुरा के बीच एक–एक जोड़ी नई मेमू सवारी रेलगाड़ियों का परिचालन शुरू हो गया है। सांसद दिनेश चंद्र यादव और विधायक आलोक रंजन ने सहरसा जंक्शन पर दोनों ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि सहरसा– सुपौल मेमू सवारी रेलगाड़ी सुबह चार बजकर पैंतालीस

मिनट पर सहरसा से रवाना होगी। वहीं, सहरसा–दौरम मधेपुरा सवारी रेलगाड़ी दोपहर बारह बजकर तीस मिनट पर सहरसा से प्रस्थान करेगी।

———————————————————————

पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेले के अवसर पर देवघर स्थित बैद्यनाथधाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुलतानगंज स्टेशन पर बाईस जुलाई से उन्नीस अगस्त तक कई रेलगाड़ियों के ठहराव का निर्देश दिया है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि जसीडीह स्टेशनों पर कुछ रेलगाड़ियों के ठहराव समय में विस्तार किया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले में आज पलासी प्रखंड में ताजिया लेकर जा रहे तेरह लोग हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से घायल हो गए।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के छौड़ाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत नारायण पीपर गांव से पुलिस ने दो अपराधियों को एक पिस्तौल, दो कारतूस और एक मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के दीघा थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक घर से पैंतीस कारतूस, सेना की वर्दी और बुलेटप्रुफ जैकेट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए मेक इन इंडिया की सफलता की सराहना की। रूसी सैनिकों के लिए हाजीपुर में बन रहे जुतों का किया उल्लेख।
02. प्रदेश की प्रमुख नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।
03. विधानमंडल का मानसून सत्र बाईस जुलाई से होगा शुरू। सत्र के दौरान चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।
04. और, आज मुहर्रम की दसवीं तारीख यानि यौम–ए–आशूरा है। इस अवसर पर कर्बला के शहीदों की याद में ताजिया जुलूस निकाले जा रहे हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।